| |
|---|
| दिनांक 30.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 42/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़**

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 30.12.2024 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विश्वकर्मा चौक के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अभिषेक घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना नकुड़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अभिषेक निवासी सुआवाला थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1—नगद रूपये।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर—58**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 10 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 29/30.12.2024 की रात्रि थाना सेक्टर—58 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान जयपुरिया चौराहा पर बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त चेतन कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 10 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर—58 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—चेतन कुमार निवासी प्रगति विहार, खोड़ा कालोनी, गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1—चोरी के 10 मोबाइल फोन।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद आजमगढ़/थाना गम्भीरपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.12.2024 को थाना गम्भीरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोहडौरा ईट भट्टा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त फरदीन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना गम्भीरपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फरदीन निवासी ऑवक थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद मुरादाबाद/थाना मझोला

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **04 किलो 844 ग्राम अवैध चरस**
- **01 कार**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.12.2024 को थाना मझोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान हर्बल पार्क तिराहा पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने

पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–नीरज उर्फ पव्वा 2–सद्दाम घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 04 किलो 844 ग्राम अवैध चरस, 01 कार, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त नीरज उर्फ पव्वा के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानों पर हत्या, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 15 अभियोग व अभियुक्त सद्दाम के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नीरज उर्फ पव्वा निवासी सोनकपुर, काशीरामनगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।
2–सद्दाम निवासी बिजली घर के पास, ढक्का थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–04 किलो 844 ग्राम अवैध चरस।

2–01 कार।

3–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा।

## एएनटीएफ/एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा**
- **01 आर्टिगा कार बरामद**

दिनांक 30.12.2024 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट प्रयागराज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना कछवां जनपद मीरजापुर क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त प्रभात उर्फ वीरू

को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा, 01 आर्टिगा कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कछवां जनपद मीरजापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रभात उर्फ वीरू निवासी गोधना थाना कछवां जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा।

2–01 आर्टिगा कार।

## जनपद मऊ/थाना कोतवाली नगर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 132 एटीएम कार्ड (विभिन्न बैंक)**
- **चोरी के रूपये 4,125/– नगद बरामद**

दिनांक 29.12.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन कॉलोनी के पास से 04 अभियुक्तों 1–मो0समीर खान 2–आफताब 3–आदित्य 4–सुधांशू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 132 एटीएम कार्ड (विभिन्न बैंक), चोरी के रूपये 4,125/– नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त आफताब के विरूद्ध कमिश्नरेट वाराणसी एवं जनपद प्रतापगढ़ व चंदौली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग एवं अभियुक्त सुधांशू के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, रायबरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—मो0समीर खान निवासी बासुपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

2—आफताब निवासी शिवनगर कॉलोनी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3—आदित्य निवासी काझा नरीम पट्टी थाना रानीपुर जनपद मऊ।

4—सुधांशू निवासी बाबूतारा थाना लीलापुरा जनपद प्रतापगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी के 132 एटीएम कार्ड (विभिन्न बैंक)।

2—चोरी के रूपये 4,125/— नगद।

————————